# क्रेशर प्लांट के कन्वेयर बेल्ट में फंसने से मजदूर की मौत

## कार्रवाई और मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने किया प्रदर्शन





नवभारत न्यूज

**सतना, 13 फरवरी. शहर से सटे कोलगवां क्षेत्र में स्थित क्रेशर प्लांट में शुक्रवार को हुए हादसे में एक मजदूर की जान चली गई. क्रेशर प्लांट संचालन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए और मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया. लगभग 5 घंटे तक चले गतिरोध के बाद कार्रवाई-मुआवजे का आश्वासन मिलने पर परिजन मृतक का शव ले जाने को तैयार हुए.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर से कुछ दूरी पर टीटू खत्री का क्रेशर प्लांट संचालित है. जहां पर काम करने वाले मजदूर रमेश चौधरी पिता दुलेचंद उम्र 38 वर्ष निवासी बिरहुली नई बस्ती हर रोज की तरह शुक्रवार की सुबह भी पहुंच गए. बताया गया कि रमेश द्वारा क्रेशर प्लांट के कन्वेयर बेल्ट की सफाई की जा रही थी. लेकिन इसी दौरान अचानक कन्वयूर बेल्ट चलना शुरु हो गई. जिसकी चपेट में आकर फंस जाने के कारण रमेश बुरी तरह घायल हो गया. घटना होती देख आस पास मौजूद लोगों ने रमेश को बाहर निकालते हुए उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया. जहां पर जांच करते ही ड्यूटी डॉक्टर द्वारा रमेश को मृत घोषित कर दिया गया. यह जानकारी सामने आते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया. इसी दौरान कुछ कामगार सहित ग्रामीण खासी संख्या में अस्पताल परिसर में एकत्र हो गए. वहीं घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जब शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने का प्रयास किया तो आक्रोशित परिजन सहित ग्रामीण अड़ गए. परिजनों ने क्रेशर प्लांट संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग शुरु कर दी. इसके साथ ही मृतक के परिजनों को 1 करोड़ रु की आर्थिक सहायता की मांग भी की जाने लगी. घटना की गंभीरता को देखते हुए कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी और सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी पुलिस बल के साथ अस्पताल की मर्चुरी पहुंच गए और परिजनों को समझाइस देने का प्रयास किया. लेकिन परिजन कार्रवाई-मुआवजे की मांग पर अड़े रहे.

### 12 .5 लाख का मिला आश्वासन

आक्रोशित परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मृतक अपने घर में अकेला कमाने वाला था. मृतक की पत्नी फूलबाई जहां दिव्यांग है वहीं उनके 3 छोटे बच्चे हैं. रमेश पिछले 15 वर्ष से क्रेशर प्लांट में काम कर रहा था. बिना किसी पूर्व सूचना के मशीन चालू कर दिए जाने के कारण रमेश की मौत हो गई. लगभग 5 घंटे तक चले गतिरोध के बाद जब पुलिस प्रशासन की ओर से निष्पक्ष जांच-कार्रवाई का आश्वासन दिया गया. इसके साथ ही जब मृतक के परिजनों को 12 .5 लाख रु के मुआवजे का आश्वासन सामने आया. तक कहीं जाकर परिजन सहित अन्य लोग शव को अस्पताल की मर्चुरी से गांव ले जाने पर राजी हुए. मृतक के शव को गांव ले जाने के लिए शव वाहन की व्यवस्था भी की गई.



# मुंबई में 5 साल से टैक्सी चला रहा था हत्या का आरोपी

## रीवा पहुंचते ही पुलिस ने दबोचा

नवभारत न्यूज

**सतना, 13 फरवरी. लाठी-डंडे से मारपीट कर हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद फरार हुआ आरोपी पिछले 5 वर्षों से मुंबई में रहकर टैक्सी चला रहा था. जिसे रीवा पहुंचने पर पुलिस ने दबोच लिया. गौरतलब है कि उक्त हत्याकाण्ड में शामिल 3 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा मिल चुकी है.**

जिले के धारकुण्डी थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 मार्च को लेदरा तिरहा के निकट फूल चंद गोड की लाठी डंडों से पीट पीट कर हत्या कर दिए जाने की घटना सामने आई थी. इस मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज करते हुए 5 आरोपियों राकेश यादव, रामकलेश यादव, राजा यादव, नवनीत यादव, अभिषेक यादव को गिरफ्तार कर लियसा गया था. न्यायालय में आरोप प्रत्र प्रस्तुत होने के बाद सुनवाई शुरु हुई. जिसमें न्यायालय द्वारा 3 आरोपियों राकेश यादव, रामकलेशस यादव और राजा यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई. तीनों आरोपी केंद्रीय जेल सतना में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे हैं. लेकिन उक्त घटना में शामिल एक आरोपी पप्पू यादव 39 वर्ष घटना के बाद से ही फरार हो गया. हलांकि उसकी गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस द्वारा किए जा रहे थे. लेकिन इसके बावजूद भी उसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आ पा रही थी.

### मुंबई में सीखी ड्राइविंग

थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर जारी प्रयास में उस वक्त सफलता मिली जब विश्वसनीय मुखबिर से सटी सूचना मिली. जिसके आधार पर रीवा के अजगरहा से उसे दबोच लिया गया. पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि फरार होने के बाद वह मुंबई पहुंच गया. जहां पर उसने ड्राइविंग सीखी और टैक्सी चलाने लगा. इस दौरान वह चोरी छिपे रीवा में अपने मित्र के नाम पर किराए का मकान ले लिया था. जहां पर उसका परिवार रह रहा था. वह अपनी पहचान छिपाकर बीच बीच में परिवार से मिलने के लिए रीवा आता रहता था.



# ट्रेन से उतर रहे यात्री को हार्ट अटैक, मौत

## उचेहरा रेलवे स्टेशन पर सामने आई घटना

नवभारत न्यूज

**सतना 13 फरवरी. रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के रुकने पर यात्री ने जैसे ही उतरने का प्रयास किया वैसे ही अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया. जिसके चलते वे प्लेटफार्म पर गिर पड़े. हलांकि उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इसके बावजूद भी बचाया नहीं जा सका.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर जिले के अमदरा गांव के निवासी विनोद कोरी पिता नत्थू लाल उम्र 38 वर्ष शुक्रवार को जबलपुर-रीवा शटल ट्रेन में सवार होकर यात्रा कर रहे थे. इस दौरान उनकी पत्नी श्रीमती ऊषा कोरी भी साथ मौजूद थीं. रमेश की ससुराल उचेहरा के गढ़ी टोला क्षेत्र में है. लिहाजा वे अपनी पत्नी पत्नी के साथ ससुराल जा रहे थे. बताया गया कि ट्रेन जैसे ही उचेहरा रेलवे स्टेशन पर आकर रुकी वैसे ही रमेश और उनकी पत्नी नीचे उतरने लगे. लेकिन इसी दौरान रमेश को अचानक तेज दर्द उठा और देखते ही देखते वे बेसुध होकर प्लेटफार्म पर गिर गए. घटना होती देख आस पास मौजूद लोगों के बीच हड़कंप मच गया. इस दौरान कुछ लोगों ने मामले की नजाकत को समझते हुए रमेश को सीधा लेटाकर सीपीआर देने का प्रयास किया गया. इसी कड़ी में स्ट्रेचर पर लादकर आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए उचेहरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया.

जहां पर फौरन उन्हें भर्ती कर उपचार भी शुरु किया गया. लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका. यह जानकारी सामने आते ही पत्नी बुरी तरह व्यथित हो गईं और रोने-चिल्लाने लगीं. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर अन्य परिजन भी भागते हुए अस्पताल पहुंच गए. औपचारिक कार्रवाई पूरी होने के बाद परिजनों द्वारा शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया.

# ट्रक के पिछले हिस्से से टकराई तेज रफ्तार बोलेरो



▸ आधा दर्जन यात्री घायल, 2 गंभीर तौर पर चोटिल

नवभारत न्यूज

**सतना 13 फरवरी. देवी मां का दर्शन पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इस घटना में बोलेरो सवार आधा दर्जन श्रद्धालु घायल हो गए, जिसमें से दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं. दुर्घटना तेज रफ्तार बोलेरो के आगे आगे जा रहे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा जाने के कारण हुई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रीवा निवासी पटेल परिवार शुक्रवार की सुबह बोलेरो में सवार होकर मैहर जाने के लिए लिए निकला. मैहर पहुंचकर उन्हें मां शारदा देवी का दर्शन-पूजन करना था. बताया गया कि बोलेरो जैसे ही राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 30 पर अमरपाटन क्षेत्र के ककरा गांव के निकट पहुंची. वैसे ही आगे आगे जा रहे एक ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई. दुर्घटना होती ही चीख पुकार मच गई. आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने मदद करते हुए श्रद्धालुओं को बोलेरो से बाहर निकाला. जिसके बाद उन्हें एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए अमरपाटन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. जहां पर आधा दर्जन घायलों में से 4 घायलों को वहीं पर उपचार शुरु कर दिया गया. जबकि छातीलाल पटेल और संजना पटेल को गंभीर चोट आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया.

### घिसटती चली गई बोलेरो

बताया गया कि बोलेरो तेज रफ्तार थी और अचानक ट्रक सामने दिखाई देते ही चालक ने ब्रेक लगाने के साथ ही मोड़ने का प्रयास किया. लेकिन इसके बावजूद भी बोलेरो का चालक वाला हिस्सा ट्रक के पिछले टायर पर चढ़ गया. ट्रक की बॉडी और टायर के बीच फंस जाने के कारण बोलेरो लगभग 50 मीटर तक घिसटती चली गई. घटना की जानकारी होते ही ट्रक चालक वाहन को रोक लिया. दुर्घटना के पीछे का कारण प्रथम दृष्ट्या बोलरो चालक को झपकी आने अथवा मोबाइल पर बात करना बताया जा रहा है. लेकिन यह पुलिस की विवेचना के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा.

# स्व . दयानंद की विचाराधारा और सोच को आगे बढ़ाने की जरूरत : नारायण

नवभारत न्यूज

**सतना 13 फरवरी. प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन सशक्तीकरण, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि स्व. दयानंद कुशवाह ने निर्विकार भाव से सर्वहारा, शोषित पीड़ित समाज की सेवा का कार्य जीवन पर्यन्त किया।**

सर्व समाज को न्याय दिलाने से स्व. दयानन्द कुशवाहा के प्रति एक समाज नहीं बल्कि सर्व समाज का विश्वास और सम्मान हासिल हुआ। सामाजिक न्याय मंत्री श्री कुशवाह शुक्रवार को सतना में पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग स्व. दयानन्द कुशवाहा की प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अपने श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। सामाजिक न्याय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि स्व. दयानंद कुशवाहा ने शोषित, दलित पीड़ित वर्ग के लिए संघर्ष किया। चुनाव के दौरान उनके साथ लगातार सतना और मैहर क्षेत्र में काम करने का अनुभव मिला। समाज में सबके साथ सामंजस्य बिठाने की अद्भुत क्षमता उनमें थी। आमजनों सहित शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को भी उन्होंने न्याय दिलाने का काम किया। वर्तमान समय में स्व. दयानंद कुशवाहा की सोच और विचाराधारा को आगे बढाने की जरूरत है। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि स्व. दयानंद कुशवाहा पिछड़ा वर्गों के उत्थान, सामाजिक न्याय और क्षेत्रीय विकास के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए जाने जाते थे। उन्होंने मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग में सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज के कमजोर वर्गों के लिए सदैव संघर्षरत रहे। उनकी असामयिक विदाई ने सभी को गहरा दु:ख पहुंचाया है। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि स्वं दयानंद कुशवाहा ने अपने समूचे जीवन काल में घर-परिवार छोड़कर समाज के लिए सर्वस्व समर्पित किया। उन्हें लोग नेताजी या लीडर के नाम से जानते थे। सांसद ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि ये बहुत ही भावुक क्षण होते है। बहुत कम ही ऐसे लोग मिलते है जो आने वाली पीढी का मार्ग प्रशस्त कर जाते है। सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र में सन 1978 से उनका सानिध्य मिला। स्व. दयानंद कुशवाह कभी नेता नहीं बनना चाहते थे ना ही किसी पद की लालसा उन्हें रही। हर समाज के लोगों में उनके प्रति श्रद्धा का भाव रहा है। स्व. दयानंद कुशवाहा की प्रथम पुण्य तिथि पर टाउन हाल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शहर के गणमान्य नागरिक, राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों ने पुष्पांजलि अर्पित की.



### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद सतना गणेश सिंह, विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, सुरेन्द्र सिंह गहरवार, डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, पूर्व विधायक ऊषा चौधरी, रामलखन पटेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष गेंदलाल भाई, अरविन्द सिंह पप्पू, नरेन्द्र त्रिपाठी, दिलीप मिश्रा सहित विभिन्न राजनैतिक दलों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रेलवे स्टेशन निर्माण में देरी से सांसद ने जताई नाराजगी



नवभारत न्यूज

**सतना, 13 फरवरी. सतना रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का सपना साकार होने की राह में बाधाएं आ रही हैं। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद शुरू हुए निर्माण कार्य की गति इतनी धीमी है कि इसे कछुआ चाल कहा जा रहा है।**

काम की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं होने से सांसद गणेश सिंह बेहद नाराज हैं। शुक्रवार को स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद ने मौके पर ही ठेकेदार के कर्मचारियों, अधिकारियों और रेलवे के वरिष्ठ अफसरों को तलब कर लिया और कड़ी फटकार लगाई। सांसद ने साफ कहा कि यदि काम की गति और गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो ऊपरी स्तर पर रिपोर्ट की जाएगी। दरअसल, सतना रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए केंद्र सरकार से सभी आवश्यक मंजूरियां और फंड प्राप्त करने में सांसद गणेश सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विभिन्न समस्याओं को हल करवाने के बाद मार्च 2025 में निर्माण कार्य की शुरुआत हुई थी। अब मार्च 2026 कुछ ही दिनों में आने वाला है, लेकिन एक साल बीतने के बावजूद काम की प्रगति संतोषजनक नहीं है। निरीक्षण के दौरान सांसद को यह देखकर गुस्सा आ गया कि अपेक्षित स्तर पर काम नहीं हो रहा।

# चित्रकूट क्षेत्र में भारी वाहनों की नो-एंट्री

नवभारत न्यूज

**सतना 13 फरवरी. धार्मिक नगरी चित्रकूट में श्रद्धालुओं और पैदल यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए नगर परिषद क्षेत्र में मध्यम व भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।**

अनुविभागीय दण्डाधिकारी मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर द्वारा मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं म.प्र. मोटरयान नियम 1994 के नियम 2015 के अंतर्गत यह आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार अब प्रात: 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक सभी मीडियम और हैवी कमर्शियल वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े ट्रक, लोडिंग वाहन और मालवाहक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को बिना अनुमति नगर परिषद सीमा में प्रवेश नहीं मिलेगा। प्रशासन ने बताया कि धार्मिक नगरी होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, जिससे भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। इसी को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।



# इंदिरा कन्या महाविद्यालय में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**सतना 13 फरवरी. शुक्रवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सतना में मानसिक स्वास्थ्य क्लब के अंतर्गत हिंदी विभाग द्वारा तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. पाण्डेय एवं नोडल अधिकारी डॉ. आभा गोयल द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. रमाकांत सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में तनाव प्रबंधन सफलता की कुंजी है। डॉ. प्रतिभा शर्मा ने तनाव के कारणों पर प्रकाश डाला, वहीं संगीता उरमालिया ने अपने व्याख्यान में कहा कि समस्याओं को सही मंच पर साझा करने से समाधान संभव होता है। मुख्य वक्ता आयुष सिंघाड (सहायक प्राध्यापक, शासकीय महावीर महाविद्यालय पेटलावद, जिला झाबुआ) ने भारतीय जीवन मूल्यों की सकारात्मक भूमिका पर बल देते हुए तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं को समझाया। डॉ. क्षमा द्विवेदी ने कहा कि प्रसन्नता की अवस्था में डोपामिन हार्मोन का स्त्राव होता है, जिससे जीवन में ऊर्जा और जीवटता आती है।

### ज्योतिर्लिंगम् मेला का आयोजन कल से

**सतना. 13 फरवरी.** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कृष्णनगर सतना के द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व में सतना शहर के मध्य रामलीला ग्राउण्ड सुभाष पार्क में द्वादश ज्योतिर्लिगम मेले का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है. मेले का विशेष आकर्षण 41 फिट के विशाल शिवलिंग, 12 ज्योतिर्लिगम दशन, मेडिटेशन राजयोग शिविर, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, समय सुबह 7 बजे से 9 बजे तक, शाम 4 बजे से 9 बजे तक कार्यक्रम शुभारंभ 15 फरवरी 26 दिन रविवार से 22 फरवरी दिन रविवार तक कार्यक्रम स्थान रामलीला ग्राउण्ड सुभाष पार्क सतना, मंगल कलश शोभा यात्रा 14 फरवरी को आयोजित की गई है.

# जिला कार्यालय में मंत्री कुशवाहा का हुआ स्वागत



नवभारत न्यूज

**सतना, 13 फरवरी. भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ( सामाजिक न्याय, निशक्तजन कल्याण, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ) का भव्य स्वागत किया गया।**

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए *मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा* ने कहा कि पार्टी संगठन लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी राजनीतिक शक्ति है, जहां एक कार्यक्रम समाप्त होते ही दूसरा कार्यक्रम प्रारंभ हो जाता है.

# स्वशासी में बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर विशेषज्ञों ने रखी अपनी राय



नवभारत न्यूज

**सतना, 13 फरवरी. संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा कि भारत प्राचीन काल से ही बौद्धिक सम्पदा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है।**

उन्होंने संगोष्ठी के विषय को प्रासंगिक करार देते हुए उपस्थित विद्वत जनों एवं विद्यार्थियों को बौद्धिक सम्पदा अधिकार को उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इन्क्यूबेशन, बी.बी.ए. एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान और एल.आई.सी. मण्डल सतना के सह-प्रायोजकत्व में आयोजित उक्त संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में डॉ. एस. सी. राय, प्राचार्य एवं महाविद्यालय के संरक्षक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगोष्ठी के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस क्षेत्र में भारत को फिर से खोयी हुई प्रतिष्ठा को अर्जित करने के लिए आगे आने की आवश्यकता है। डॉ. रमेश बी. शिवगुंडे(पूर्व जॉइंट डायरेक्टर NCERT, भारत सरकार) ने संगोष्ठी के विषय के प्रत्येक पहलू को सूक्ष्मता के साथ प्रस्तुत करते हुए कहा कि बौद्धिक सम्पदा अधिकार की जानकारी आज के युग की महती आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि सजगता के माध्यम से पेटेंट एवं कॉपीराइट के क्षेत्र में सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है तथा दूसरों की उपलब्धियों को चुराने वालों पर नकेल कसी जा सकती है।

## एक नजर में

### बोनान्ज़ा स्कूल में रक्तदान शिविर



**सतना।** बोनान्ज़ा कॉ0 हॉ0 से0 स्कूल में ''रक्तदान महादान'' की भावना को चरितार्थ करते हुए डायरेक्टर दिलीप अरोरा, चेयरमैन गौरव अरोरा व प्राचार्या रश्मि श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 15 से अधिक शिक्षकों, स्टॉफएवं चेयरमैन द्वारा रक्तदान किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ0 अंकिता पाण्डेय, टेक्नीशियन आशीष तिवारी, लक्ष्मीकांत वर्मा व आकाश बेनर्जी को उनके सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने में चेयरमैन गौरव अरोरा, शिक्षक आलोक नारायण तिवारी, नित्या दुबे, साक्षी श्रीवास्तव, सुष्मिता चक्रवार्ती, मनोज त्रिपाठी, अंजली सिंह, सत्यम चतुर्वेदी, विनय पाण्डेय, अंकित शाह का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए सांसद



**सतना.** जवाहर नगर स्थित बूटी बाई स्कूल ( अग्रवाल सदन ) परिसर में भाजपा मंडल अध्यक्ष नगर सतना संजय अग्रवाल के पिता जगदीश प्रसाद अग्रवाल के निधन पर शोक सभा-श्रद्धांजलि सभा में सांसद गणेश सिंह शामिल हुए। सांसद ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।



### टीम कैट ने मंत्री से की सौजन्य भेंट

सतना। खाद्य प्रसंस्करण एवं सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के सतना प्रवास पर आज देश के व्यापारियों की शीर्ष संस्था ?कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया टेंडर्स कैट टीम सतना ने सौजन्य भेंट किया। इस अवसर पर कैट प्रदेश सचिव अशोक दौलतानी ,जिलाध्यक्ष मनोहर वाधवानी, महामंत्री अभिषेक जैन, कोषाध्यक्ष संदीप मगंल ,मंत्री राजेश अग्रवाल, महेंद्र जैन, धनश्याम सोनी,प्रभात जैन, बिहारी मंघनानी, दीपक वाधवानी,सचिन जैन, विनय गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।